मध्य प्रदेश शासन
प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति
सचिवालय
कार्यालय: टैगोर छात्रावास श्यामला हिल्स,भोपाल-462002
दूरभाष एवं फैक्स: 0755-2660461 email:afrcmp@gmail.com, web site: www.afrcmp.org

क्रमांक/सचि./ओएसडी/2023/438 दिनांक- 6/4/2023

सूचना

(सत्र 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के शुल्क विनियमन के संबंध में)

प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति,म.प्र. की निजी क्षेत्र की गैर अनुदान प्राप्त संस्थाओं से उनके द्वारा संचालित किये जा रहे उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सत्र 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के शुल्क निर्धारण हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन/प्रस्ताव दिनांक 31.03.2023 तक आमंत्रित किये गये थे, अपितु कुछ संस्थाओं द्वारा अभी तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किये गये हैं।

अत: उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संस्थाओं को अंतिम अवसर देते हुये, ऑनलाईन आवेदन फार्म दिनांक 15.04.2023 तक समिति की बेवसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के लिये पूर्व निर्धारित दिनांक 30.04.2023 तक का समय यथावत रहेगा।

उपरोक्त अंतिम तिथियों तक आवेदन नहीं करने की दशा में शुल्क निर्धारण नहीं किया जा सकेगा, जिसके कारण संस्था को प्रवेश हेतु आयोजित काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है, जिसकी जवाबदारी स्वयं संस्था की होगी।

(डॉ. डी.ए. हिण्डोलिया)
सचिव/विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी